भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †7

सोमवार, 20 जुलाई, 2026/29 आषाढ़, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में प्रसाद योजना

†7. श्री मलैयारासन डी.:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देशभर में प्रसाद (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई, पूरी की गई और कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं का विशेषकर तमिलनाडु के कल्लाकुरिची लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु में उक्त योजना के अंतर्गत आबंटित की गई, जारी की गई और उपयोग की गई कुल निधियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पर्यटकों की संख्या, स्थानीय रोजगार सृजन और तीर्थ स्थलों पर अवसंरचना में सुधार के आधार पर प्रसाद परियोजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन किया है;

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत अनुमोदन अथवा वित्तपोषण की प्रतीक्षा कर रहे मंदिर कस्बों और विरासत तीर्थस्थलों सहित तमिलनाडु से प्राप्त हो रहे प्रस्तावों की स्थिति क्या है और विलम्ब, यदि कोई हो, के क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार विशेषरूप से तमिलनाडु सहित दक्षिणी राज्यों में संतुलित धार्मिक पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त कम ज्ञात तीर्थ स्थलों को शामिल करने के लिए प्रसाद योजना का विस्तार करने पर विचार कर रही है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय "तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान" (प्रशाद) नामक अपनी योजना के तहत तमिलनाडु राज्य सहित देश भर में चिह्नित धार्मिक और विरासत स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उक्त योजना के तहत स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधियों का तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): 'प्रशाद' योजना के तहत पर्यटन अवसंरचना और पर्यटक सुविधाओं के विकास का उद्देश्य बेहतर पहुंच तथा पर्यटक अनुभव प्रदान करना और तीर्थ स्थलों का समग्र विकास करना है।

पर्यटन मंत्रालय सुविधाओं के परिणामों और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं का तीसरे पक्ष से प्रभाव मूल्यांकन कराता है। वर्ष 2021 में भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक द्वारा 'प्रशाद' नामक केंद्रीय क्षेत्र की योजना की मूल्यांकन संबंधी रिपोर्ट के अनुसार, इस योजना ने पर्यटकों की संतुष्टि, यात्रा में सुगमता और चयनित विरासत स्थलों के सौंदर्य पहलुओं को बढ़ाने में मदद की है। साथ ही, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि इस योजना से पर्यटकों के सकारात्मक समग्र उपयोगकर्ता अनुभव में वृद्धि हुई है।

(घ): पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और ऐसी परियोजनाओं के लिए निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(ङ): 'प्रशाद' योजना तमिलनाडु सहित देश भर में अल्प-ज्ञात तीर्थ स्थलों और चिह्नित तीर्थ तथा विरासत स्थलों के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के तहत, प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और ऐसी परियोजनाओं के लिए निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

अनुबंध

श्री मलैयारासन डी. द्वारा तमिलनाडु में प्रसाद योजना के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †7 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**	**उपयोग की गई राशि**	**भौतिक प्रगति (%)**
1.	आंध्र प्रदेश	2015-16	पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास	27.77	27.77	27.77	100.00
2.	आंध्र प्रदेश	2017-18	श्रीसैलम मंदिर का विकास	43.08	43.08	43.08	100.00
3.	आंध्र प्रदेश	2022-23	विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम	54.04	27.37	27.37	100.00
4.	आंध्र प्रदेश	2024-25	अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास	25.33	13.79	6.74	50.16
5.	अरुणाचल प्रदेश	2020-21	परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास	37.88	31.02	21.95	93.26
6.	असम	2015-16	गुवाहाटी में और उसके आसपास कामाख्या मंदिर और तीर्थ स्थलों का विकास	29.80	29.80	29.80	100.00
7.	बिहार	2015-16	पटना साहिब का विकास	29.62	29.62	29.62	100.00
8.	बिहार	2014-15	विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास	3.63	3.63	3.63	100.00

9.	बिहार	2024-25	अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास	13.29	0.00	0.00	0.00
10.	छत्तीसगढ़	2020-21	डोंगरगढ़, राजनंदगांव जिला, छत्तीसगढ़ में माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास	48.44	40.19	31.94	100.00
11.	गोवा	2024-25	बोम जीसस बेसिलिका का विकास	16.46	5.28	0.00	100
12.	गुजरात	2016-17	द्वारका का विकास	10.46	10.46	10.46	100.00
13.	गुजरात	2016-17	सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	45.36	45.36	45.36	100.00
14.	गुजरात	2018-19	सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास	47.12	47.12	47.12	100.00
15.	गुजरात	2022-23	बनासकांठा, गुजरात में अंबाजी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	50.00	30.00	27.58	88.64
16.	हरियाणा	2019-20	पंचकुला जिले में माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारा का विकास	48.53	34.68	34.68	98.43
17.	जम्मू एवं कश्मीर	2016-17	हजरतबल दरगाह, श्रीनगर का विकास	40.46	34.30	34.30	100.00
18.	झारखंड	2018-19	बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर का विकास	36.79	34.95	34.95	100.00
19.	कर्नाटक	2023-24	मैसूरु में श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	45.38	13.33	0.00	10.88
20.	कर्नाटक	2024-25	रेणुका येल्लामा देवी मंदिर का विकास	18.37	0.00	0.00	0.00
21.	कर्नाटक	2024-25	बीदर जिले के पापनाश मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास	22.25	6.30	0.00	22.82

22.	केरल	2016-17	गुरुवायूर मंदिर का विकास	45.19	45.19	45.19	100.00
23.	मध्य प्रदेश	2020-21	अमरकंटक का विकास	49.99	42.55	34.63	100.00
24.	मध्य प्रदेश	2017-18	ओंकारेश्वर का विकास	43.93	43.93	43.93	100.00
25.	महाराष्ट्र	2017-18	त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास	45.41	38.44	38.44	100.00
26.	मेघालय	2020-21	मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	29.29	27.78	27.78	100.00
27.	मिज़ोरम	2022-23	मिज़ोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास	44.89	35.54	26.37	85.69
28.	मिज़ोरम	2024-25	चंफाई जिले के वांगछिया में प्रशाद योजना के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास	5.47	1.56	1.56	37.99
29.	नागालैंड	2018-19	नागालैंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	25.20	23.56	23.56	100.00
30.	नागालैंड	2022-23	जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास	18.18	15.45	15.45	100.00
31.	ओडिशा	2014-15	मेगा परिपथ के अंतर्गत पुरी, श्री जगन्नाथ धाम - रामचंडी - देमुली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना का विकास	50.00	10.00	0.0	100.00
32.	पुडुचेरी	2024-25	श्री धरबारण्येश्वर मंदिर के लिए तीर्थयात्री सुविधाओं	25.94	0.00	0.00	9.86

			और पर्यटक आकर्षणों का विकास				
33.	पंजाब	2015-16	अमृतसर में करुण सागर वाल्मीकि स्थल का विकास	6.40	6.40	6.40	100.00
34.	पंजाब	2021-22	चमकौर साहिब, रोपड़, पंजाब का विकास	30.52	23.80	23.80	97.01
35.	राजस्थान	2015-16	पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास	32.64	26.11	26.11	100.00
36.	सिक्किम	2020-21	युकसोम में फोर पेट्रन सेंट्स में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास	33.32	28.31	28.31	100.00
37.	तमिलनाडु	2016-17	कांचीपुरम का विकास	13.99	13.99	13.99	100.00
38.	तमिलनाडु	2016-17	वेलंकन्नी का विकास	4.86	4.86	4.86	100.00
39.	तमिलनाडु	2024-25	8 नवग्रह मंदिरों का विकास	40.94	11.75	0.00	8.06
40.	तेलंगाना	2020-21	जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास	38.90	33.07	33.07	100.00
41.	तेलंगाना	2022-23	रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास	62.00	32.73	32.73	70.35
42.	तेलंगाना	2022-23	भद्राचलम, भद्राद्रि कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	41.38	16.30	8.43	55.12
43.	तेलंगाना	2024-25	देवी रेणुका येल्लम्मा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास	4.22	1.09	0.00	31.42
44.	त्रिपुरा	2020-21	त्रिपुर सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास	34.43	28.01	25.63	95.96
45.	उत्तर प्रदेश	2015-16	वाराणसी का विकास - चरण-I	18.73	18.73	18.73	100.00

46.	उत्तर प्रदेश	2014-15	मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास	10.98	10.98	10.98	100.00
47.	उत्तर प्रदेश	2017-18	गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन	9.02	9.02	9.02	100.00
48.	उत्तर प्रदेश	2014-15	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण	9.36	9.36	9.36	100.00
49.	उत्तर प्रदेश	2017-18	वाराणसी का विकास - चरण II	44.60	35.26	31.77	100.00
50.	उत्तर प्रदेश	2018-19	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	37.59	34.64	30.97	100.00
51.	उत्तराखंड	2015-16	केदारनाथ का एकीकृत विकास	34.77	34.77	34.77	100.00
52.	उत्तराखंड	2018-19	बद्रीनाथजी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास	56.15	41.13	38.38	87.92
53.	उत्तराखंड	2021-22	गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि	54.36	10.22	10.22	100.00
54.	पश्चिम बंगाल	2016-17	बेलूर मठ का विकास	30.03	28.30	23.39	100.00
			कुल	**1726.74**	**1250.88**	**1134.18**	

*****